# प्रतिवेदन : राजभाषा पखवाड़ा 2025

आदरणीय प्राचार्य प्रोफेसर वीरेंद्र भारद्वाज के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में शिवाजी कॉलेज की राजभाषा कार्यान्वयन समिति, हिंदी विभाग(शिवाजी कॉलेज) एवं उड़ान के संयुक्त तत्त्वावधान में राजभाषा हिंदी से संबद्ध विविध गतिविधियों जिनमें विद्यार्थियों के लिए अंतर महाविद्यालयी कविता प्रतियोगिता एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता, कॉलेज के गैर शिक्षण कर्मचारियों हेतु राजभाषा निबंध लेखन प्रतियोगिता, हिंदी में हस्ताक्षर अभियान, संगोष्ठी एवं कार्यशाला का आयोजन (14-28 सितंबर) किया गया। राजभाषा पखवाड़ा का शुभारंभ कॉलेज वेबसाइट और प्राचार्य कक्ष के सम्मुख लगी स्क्रीन पर गणमान्य विभूतियों के राजभाषा संबंधी उद्धरणों के प्रदर्शन के साथ हुआ। ध्यातव्य हो कि यह पखवाड़ा 14 सितंबर से 28 सितंबर तक अनवरत जारी रहा।

शिवाजी कॉलेज में राजभाषा पखवाड़ा (14–28 सितंबर 2025) का सफल आयोजन आदरणीय प्राचार्य प्रो. वीरेंद्र भारद्वाज जी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस दौरान कविता एवं निबंध प्रतियोगिता, संगोष्ठी, कार्यशाला और हिंदी में हस्ताक्षर अभियान जैसी विविध गतिविधियाँ आयोजित की गईं। विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी ने इस पखवाड़े को सार्थक बनाया।

आप सभी के समक्ष प्रस्तुत है एक संक्षिप्त रिपोर्ट -

राजभाषा कार्यान्वयन समिति के संयोजक होने के नाते मुझे यह बताते हुए अति प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है कि राजभाषा पखवाड़े की प्रस्वावित योजना एक बूंद के रूप में सोची गई थी जो बाद में आदरणीय प्राचार्य प्रोफेसर वीरेंद्र भारद्वाज सर के प्रस्ताव और सुझावों के साथ एक विस्तृत सागर के रूप में विस्तारित हो गई। राजभाषा कार्यान्वयन समिति के साथ हिंदी विभाग, उड़ान और दाक्षी साहित्य परिषद को जोड़कर प्राचार्य सर ने राजभाषा के साथ भारतीय भाषाओं को विभिन्न विद्यार्थियों से जोड़ा। जिससे राजभाषा पखवाड़ा सही रूप में अपनी सार्थकता अर्जित कर सका। प्राचार्य प्रोफेसर वीरेंद्र भारद्वाज का स्पष्ट मत है कि हमें राजभाषा हिन्दी के बरक्स भारतीय भाषाओं को खड़ा करने की अपेक्षा भारतीय भाषाओं का विकास करते हुए राजभाषा हिन्दी को नियमित रूप में अपने व्यवहार में शामिल करना चाहिए।

इस पखवाड़े के अंतर्गत शिवाजी कॉलेज की राजभाषा कार्यान्वयन समिति ने निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किए सभी कार्यक्रमों को केवल हिंदी के नहीं अपितु सभी विभाग के शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं गैर शिक्षण कर्मचारियों का भरपूर सहयोग एवं समर्थन मिला। कहना न होगा कि इन सब कड़ियों को जोड़ने वाली मुख्य कड़ी प्राचार्य प्रोफेसर वीरेंद्र भारद्वाज सर रहे।

*** राजभाषा संबंधी देश विदेश के विभिन्न विद्वानों के विशिष्ट उद्धरणों का कॉलेज वेबसाइट एवं प्राचार्य कक्ष के सम्मुख लगी स्क्रीन पर प्रदर्शन**

*** हिंदी में हस्ताक्षर अभियान**

*** अंतर महाविद्यालयी स्वरचित कविता प्रतियोगिता**

*** अंतर महाविद्यालयी निबंध लेखन प्रतियोगिता**

*** राजभाषा निबंध लेखन प्रतियोगिता (कॉलेज कर्मचारियों हेतु)**

***राजभाषा नीति: चुनौतियां एवं समाधान विषयक* संगोष्ठी एवं कार्यशाला**

राजभाषा पखवाड़े के आयोजन से लेकर इसकी रूपरेखा बनाने में एवं राजभाषा का यह कार्यक्रम केवल हिंदी का कार्यक्रम बनकर न रह जाए जिसके लिए सभी विभाग के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को जोड़ने में मेरे अग्रज आदरणीय प्राचार्य प्रोफेसर वीरेंद्र भारद्वाज सर की अग्रणी एवं महत्वपूर्ण भूमिका रही है, इसके लिए उनका हार्दिक धन्यवाद एवं आभार।

इस आयोजन में हमारे आमंत्रण को स्वीकार कर पेशवा बाजीराव सभागार की शोभा बढ़ाने के लिए मेरी शिक्षक और हिंदी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय की अध्यक्षा वरिष्ठ प्रोफेसर सुधा सिंह जी, मेरे अग्रज कवि और हिंदी सेवी श्री अनिल जोशी जी और राजभाषा विशेषज्ञ एवं संयुक्त निदेशक(कार्यान्वयन) राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय श्री कुमार पाल शर्मा जी की गरिमामयी उपस्थिति ने इस आयोजन को और अधिक जीवंत बना दिया।

धन्यवाद।

डॉ. तरुण<br>
संयोजक एवं नोडल अधिकारी<br>
राजभाषा कार्यान्वयन समिति<br>
शिवाजी कॉलेज

राजभाषा पखवाड़ा 2025 के पोस्टर एवं फ्लैक्स



# शिवाजी कॉलेज

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद द्वारा 'A'श्रेणी मान्यता प्राप्त

**दिल्ली विश्वविद्यालय**

**राजभाषा कार्यान्वयन समिति ,हिन्दी विभाग और उड़ान**

के संयुक्त तत्वावधान मे आयोजित

## राजभाषा पखवाड़ा 2025

(14-28 सितंबर)

के अंतर्गत

## अंतर महाविद्यालय निबंध लेखन प्रतियोगिता

**विषय – भारतीय संस्कृति और हिन्दी भाषा**

**प्रथम पुरस्कार –2100** **द्वितीय पुरस्कार –1500** **तृतीय पुरस्कार –1100**

प्रतियोगिता में पंजीकरण हेतु स्कैन करे

https://forms.gle/VwMptunaGioW5mRq5

**स्थान – तानाजी मालुसरे सभागार** (जीजाबाई ब्लॉक, तृतीय तल)

**दिनांक –24-09-2025**

**समय 12:00**

डॉ. देबोस्मिता पॉल, डॉ. कंचन, कल्पना वर्मा, अंशुला उपाध्याय
प्रतियोगिता समन्वयक

**डॉ. तरुण**
संयोजक एवं नोडल अधिकारी
राजभाषा कार्यान्वयन समिति

**डॉ. राजकुमारी**
प्रभारी, हिन्दी विभाग

**श्री अनुपम भटनागर**
(अध्यक्ष उड़ान)

**डॉ. श्रुति मिश्रा**
(संयोजिका उड़ान)

**प्रो. वीरेंद्र भारद्वाज**
(प्राचार्य)

सम्पर्क सूत्र-शिवम गौतम - 8874478123

# शिवाजी कॉलेज

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद द्वारा 'A' श्रेणी मान्यता प्राप्त

**दिल्ली विश्वविद्यालय**

**राजभाषा कार्यान्वयन समिति एवं हिन्दी विभाग**

**के तत्त्वावधान में अयोजित**

## राजभाषा पखवाड़ा

**(14-28 सितम्बर 2025)**

**के अंतर्गत**

निबंध लेखन प्रतियोगिता ( कॉलेज कर्मचारियों के लिए )

**विषय – राजभाषा हिन्दी: प्रशासन से जनसंपर्क तक**

**दिनांक**– 24-09-2025

**समय**– 12 :00 बजे

**स्थान**– छत्रपति संभाजी महाराज सभागार ( जीजाबाई ब्लॉक, द्वितीय तल)

**प्रथम पुरस्कार –2500** **द्वितीय पुरस्कार- 2000** **तृतीय पुरस्कार - 1500**

**डॉ. तरुण**
संयोजक एवं नोडल अधिकारी
राजभाषा कार्यान्वयन समिति

**डॉ.राजकुमारी**
प्रभारी, हिन्दी विभाग

**प्रो. वीरेंद्र भारद्वाज**
प्राचार्य


**डॉ. प्रियंका ओझा, कल्पना वर्मा, प्रो . विकास शर्मा, डॉ. स्कंदप्रिय ,डॉ . संदीप कुमार**
**(प्रतियोगिता समन्वयक)**

• निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा |

राजभाषा कार्यान्वयन समिति सभी कर्मचारियों से निबंध लेखन प्रतियोगिता में भाग लेने का आग्रह करती हैं|

सम्पर्क सूत्र – शिवम गौतम 8874478123


हिंदी में हस्ताक्षर अभियान की तस्वीरें













आदरणीय प्राचार्य प्रो. वीरेंद्र भारद्वाज सभा को संबोधित करते हुए




राजभाषा समिति के सदस्य विशिष्ट अतिथि श्री अनिल जोशी के साथ



**राजभाषा समिति के संयोजक ड़ॉ. तरुण, प्राचार्य प्रो. वीरंद्र भारद्वाज, प्रो. सुधा सिंह, श्री अनिल जोशी, श्री कुमारपाल शर्मा एवं राजभाषा समिति के शिक्षक सदस्य**




**पेशवा बाजीराव सभागार की ओर प्रस्थान करते हुए**



अंतर महाविद्यालय कविता प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता की झलकियाँ






समापन सत्र एवं पुरस्कार वितरण






राजभाषा निबंध प्रतियोगिता(कॉलेज कर्मचारियों हेतु) के प्रथम पुरस्करार विजेता श्री विजय आनंद




राजभाषा निबंध प्रतियोगिता(कॉलेज कर्मचारियों हेतु) के द्वितीय पुरस्कार विजेता श्री राजीव कपूर

